# नमूने का प्रश्न-पत्र -I 2020-2021

**Model Question Paper – I**
**Subject Code : 03**

**Time : 3 Hrs. 15 Mins.** **HINDI – I PUC** **Max. Marks : 100**

( FOR REDUCED SYLLABUS)

सूचनाः 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।

**I.** अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **6x1=6**

1. ठाकुर साहब के बड़े बेटे का नाम क्या था ?
2. असंभव को संभव बनानेवाली चीज़ क्या है ?
3. कुछ लोग आदतन क्या बोलते हैं ?
4. भीमराव का विवाह किसके साथ हुआ ?
5. हृदय रोग के दो रूप कौन-से हैं ?
6. आठ वर्ष की प्यारी बच्ची का नाम क्या है ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3x3=9**

7. बेनीमाधव सिंह के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
8. 'मिशनरी' निन्दक से लेखक का क्या तात्पर्य है ?
9. बिंदा अपनी नई अम्मा से किस प्रकार डरती थी ?
10. अंबेडकरजी को शिक्षा प्राप्त करते समय किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?
11. दिल का दौरा और एनजाइना किन कारणों से होता है ?

**II.** अ. निम्न लिखित वाक्य किसने किससे कहे ? **4x1=4**

12. 'यात्रा का यह अस्थायी स्नेह भी कितना पवित्र होता है।'
13. 'भैया, अब कभी मत कहना कि तुम्हारा मुहँ न देखूँगा।'
14. 'वह रही मेरी अम्मा।'
15. 'आ बेटा, तुझे कलेजे से लगा लूँ ।'

आ. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : **2x3=6**

16. '....पंडिताइन चाची के न्यायविधान में न क्षमा का स्थान था, न अपील का अधिकार।'
17. 'हाय राम, वह तो सचमुच बिच्छू लग रहा था, पर वह चलता क्यों नहीं ?'
18. 'उठो, जागो ओर तब तक रुको नहीं, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।'
19. 'अभी परसों घी आया है। इतना जल्दी उठ गया ?'

**III.** अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **6x1=6**

20. किसको पास रखना चाहिए ?
21. तुलसीदास किसको आराध्य देव मानते हैं ?
22. कवयित्री ने किसका प्रकाश देखा ?
23. सीताजी कुटिया को क्या समझती हैं ?
24. 'तोड़ती पत्थर' कविता के कवि कौन हैं ?
25. कवि बच्चन का जीवन कैसे बीता ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x3=6**

26. तुलसीदास के अनुसार संत के स्वभाव का वर्णन कीजिए ।
27. बच्चन जी ने जग में क्या लुटाया और क्यों ?
28. 'उल्लास' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए ।
29. इलाहाबाद के पथ पर पत्थर तोड़नेवाली स्त्री का चित्रण कीजिए ।

इ. ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : **2x4=8**

30. कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढे बन मांहि ।
ऐसे घटि घटि राम हैं, दुनिया देखै नांहि ।।

अथवा

म्हारां री गिरधर गोपाल दूसरां न कूयां ।
दूसरां न कोवां साधां सकल लोक जूयां ।
भाया छांड्या बंधां छांड्या सगां सूयां ।
साधां संग बैठ बैठ लोक लाज खूंया ।
भगत देख्यां राजी ह्यां जगत देख्यां रूयां ।

31. मैं हूँ प्रेममयी, जग दिखता
मुझे प्रेम का पारावार ।
भरा प्रेम से मेरा जीवन,
लुटा रहा है निर्मल प्यार ।

अथवा

औरों के हाथों यहाँ नहीं पलती हूँ,
अपने पैरों पर खड़ी आप चलती हूँ,
श्रमवारि-बिन्दु फल स्वास्थ्य-शुक्ति फलती हूँ
अपने अंचल से व्यजन आप झलती हूँ ।

**IV.** अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **6x1=6**

32. ठाकुर सरदार सिंह का लड़का कहाँ पढ़ता था ?
33. वीरजी की बहन का नाम क्या है ?
34. श्मशान किससे बातें कर रहा है ?
35. प्रभा का भाई वीरजी के घर क्या देने आया था ?
36. बालक का नाम क्या है ?
37. श्मशान मनुष्य से प्यार के बदले क्या पाता है ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3x3=9**

38. मनुष्य के प्रेम के बारे में श्मशान के विचार प्रकट कीजिए ।
39. शराबी एक रूपए से क्या खरीदना चाहता था और बाद में क्या खरीद लिया ?
40. वीरजी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
41. शराबी को बच्चा कहाँ मिला ? वह उसे अपने साथ क्यों लाया ?
42. पहली पत्नी की मृत्यु पर युवक किस प्रकार विलाप करने लगा ?
43. समधी अंदर से थाल में क्या-क्या ले कर आए ?

**V.** अ. वाक्य शुद्ध कीजिए : **5x1=5**

44. 1. मुझे जाना दो ।
    2. रोहन ने रोटी खाया।
    3. तालाब के अन्दर छोटी-सी मन्दिर है ।
    4. तेरे को क्या हो गया है ?
    5. निन्दा का ऐसी ही महिमा है ।

आ. कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए : **5x1=5**

(से, ने, में, को, का)

45. क. बिल्ली ------ चूहे को मारा ।
    ख. किसान खेत ------ काम करते हैं।
    ग. यह रोहन ------- घर है ।
    घ. उसे पद ------- हटा दिया गया ।
    ङ. बिन्दा ------ मेरा उपाय कुछ जँचा नहीं ।

इ. निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : **4x1=4**

46.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नौ-दो-ग्यारह होना | अ. | मेहनत से बचना |
| 2. | गले का हार | आ. | क्रोध से भरजाना |
| 3. | जी चुराना | इ. | भाग जाना |
| 4. | आग बबूला होना | ई. | बहुत प्यारा |

ई. निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : **3x1=3**

47. क. हम प्रतिदिन सबेरे तीन बजे उठते थे । (वर्तमान काल में बदलिए)
    ख. कल मेहमान आयेंगे । (भूतकाल में बदलिए)
    ग. अधिकांश यात्री पैदल चलते हैं । (भविष्यत् काल में बदलिए)

उ. अन्य लिंग रूप लिखिए : **2x1=2**

48. बालिका, गुणवान

ऊ. अन्य वचन रूप लिखिए : **2x1=2**

49. आँख, नदी

ए. समानार्थक शब्द लिखिए : **2x1=2**

50. आकाश, वृक्ष

ऐ. विलोम शब्द लिखिए : **2x1=2**

51. अपना, झूठ

**VI.** अ. निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **5x1=5**

52. लक्ष्य-प्राप्ति में यह आवश्यक है कि आप अपनी शारीरिक और बौद्धिक शक्तियों का अधिकतम प्रयोग करें । दूसरों के सहारे बैठनेवाले कभी सफल नहीं होते । आजकल के नौजवान सदा दूसरों का मुँह ताका करते हैं या समय और भाग्य को कोसा करते हैं । उचित अवसर की तलाश व्यक्ति को करनी पड़ती है, फिर अपने विवेक, संयम और परिश्रम से दृढ़ संकल्प हो आगे बढ़ें तो लक्ष्य स्वयं ही आपकी ओर बढ़ेगा । कुछ लोग तो सदा ही समाज और समय से नाराज रहते हैं । वे परिस्थितियों के प्रतिकूल होने की आड़ में अपने आलस को ओढ़े रहते हैं। छात्रावस्था में व्यावहारिकता का अभाव अकसर देखा जाता है। ऐसे में अनुभवशील व्यक्तियों के अनुभवों का लाभ उठाकर आगे बढ़ने में समझदारी है ।

1. कौन सफल नहीं होता है ?
2. कौन समय और भाग्य को कोसता है ?
3. कुछ लोग किससे नाराज रहते हैं ?
4. छात्रावस्था में किसका अभाव देखा जाता है ?
5. आगे बढ़ने केलिए क्या करना समझदारी है ?

आ. 53. चार दिन का अवकाश माँगते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। **1x5=5**

अथवा

परीक्षा में सफल होने पर बधाई देते हुए अपने छोटे भाई का एक पत्र लिखिए ।

इ. 54. हिंदी में अनुवाद कीजिए : **5x1=5**

1. ನಾವು ಭಾರತೀಯರು.
   We are Indians.

2. ಏಕತೆಯೇ ನಮ್ಮ ಶಕ್ತಿ.
   Unity is our strength.

3. ಭಾರತದಲ್ಲಿ ಸಾವಿರಾರು ಹಳ್ಳಿಗಳಿವೆ.
   There are thousands of villages in India.

4. ನಾವು ವಿಜ್ಞಾನ ಯುಗದಲ್ಲಿ ವಾಸಿಸುತ್ತಿದ್ದೇವೆ.
   We are living in an age of science.

5. ಅವಳು ಯಾವಾಗಲೂ ಸತ್ಯವನ್ನೇ ನುಡಿಯುತ್ತಾಳೆ.
   She always speaks truth.

✻ ✻ ✻ ✻ ✻

**Model Question Paper-II-2020-21**

**विषय : हिन्दी** **नमूने का प्रश्न–पत्र–II**

**समय:3 घंटे 15 मिनट** **I PUC** **कुल अंक : 100**

(FOR REDUCED SYLLABUS)

सूचनाः 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है ।

I. **(अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

1. श्रीकंठ कब घर आया करते थे ?
2. किस शक्ति के सामने सब शक्तियाँ दब जाएँगी ?
3. लेखक के मित्र के पास दोषों का क्या है ?
4. किसने बिन्दा के पैरों पर तिल का तेल लगाया ?
5. हृदय रोग के दो रूप कौन–से हैं ?
6. कालीदास ने हिमालय को क्या कहा है ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3x3=9**

7. आनंदी ने अपने ससुराल में क्या रंग–ढंग देखा ?
8. शिक्षा के बारे में स्वामी विवेकानंद जी क्या कहते हैं ?
9. अंबेडकर जी के बाल्य जीवन का परिचय दीजिए ।
10. हार्ट अटैक के रोगी का इलाज किस तरह किया जाता है ?
11. महादेवी वर्मा को पंडिताइन चाची का कौन–सा रूप आकर्षित करता था ?

II. **(अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे :** **4x1=4**

12. 'अब वह मेरा मुँह नहीं देखना चाहते, इसलिए अब मैं जाता हूँ ।'
13. 'तुम कभी तारा न बनना, चाहे भगवान कितना ही चमकीला तारा बनावें ।'
14. 'कहिए दिल जम गया या बच गया ।'
15. 'बड़ा रस है न निन्दा में ।'

**(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2x3=6**

16. 'यह याद रखो कि तुम अपने भाग्य के निर्माता हो ।'
17. 'कुछ लोग बडे निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं ।'
18. 'स्त्री गालियाँ सह लेती हैं, मार भी सह लेती हैं, पर मैके की निन्दा उनसे सहीं नहीं जाती ।'
19. 'वह आकर्षण है–सरल भक्ति का, प्रकृति के वैभव का ।'

III.**(अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6x1=6**

20. मीराबाई की लगन किसमें लगी है ?
21. संत का स्वभाव कैसा होता है ?
22. सीताजी के प्राणेश कौन थे ?
23. नारी कहाँ पत्थर तोड़ती थी ?
24. कवयित्री ने शैशव प्रभात में क्या देखा ?
25. दुनिया कैसी है ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x3=6**

26. मीराबाई की कृष्णभक्ति का वर्णन कीजिए ।
27. सीता जी कुटिया में कैसे परिश्रम करती थीं ?
28. किन परिस्थितियों में नारी पत्थर तोड़ रही थी ?
29. बच्चन जी ने जग में क्या लुटाया और क्यों ?

**(इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2x4=8**

30. माटी कहै कुम्हार से, तू क्या रौंदे मोय ।
    इक दिन ऐसो होयगो, मैं रौंदुँगी तोय ॥

**अथवा**

काम, क्रोध, मद, लोभ की, जौ लौं मन में खान ।
तौं लौ पंडित मूरखौ, तुलसी एक समान ॥

31. जीवन में न निराशा मुझको ,
    कभी रुलाने को आई ।
    'जग झूठा है' यह विरक्ति भी,
    नहीं सिखाने को आई ॥

**अथवा**

कहता है कौन कि भाग्य ठगा है मेरा ?
वह सुना हुआ भय दूर भगा है मेरा ।
कुछ करने में अब हाथ लगा है मेरा ,
वन में ही तो गार्हस्थ्य जगा है मेरा ।

IV .**(अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में लिखिए :** **6x1=6**

32. गंदी कोठरी में बालक को खाने के लिए क्या मिला ?
33. मनुष्य सबसे अधिक प्रेम किससे करता है ?
34. घर का पुराना नौकर कौन था ?
35. बड़े-बड़ों के घमंड चूर होकर कहाँ मिल जाते हैं ?
36. युवक की पहली पत्नी का नाम लिखिए ।
37. चाचा मंगलसेन चिलम थामे क्या देख रहा था ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3x3=9**

38. शराबी ठाकुर सरदारसिंह को कौन–कौन सी कहानियाँ सुनाता था ?
39. शराबी के जीवन में मधुआ के आने के बाद क्या परिवर्तन आया ?
40. श्मशान ने आह भरकर पहाड़ी से क्या कहा ?
41. अंतत: पहाड़ी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा ?
42. मंगलसेन को अपनी हैसियत पर क्यों नाज था ?
43. समधियों के घर मंगलसेन की आवभगत कैसे हुई ?

V.(अ) **वाक्य शुद्ध कीजिए :** **5x1=5**

44. क) आनंदी अपने नये घर में आया ।
    ख) पर वह मेरी दोस्त अभिनय में पूरा है ।
    ग) मंदिर में पूजा हो रहा था ।
    घ) मैं स्कूल जाना चाहिए ।
    ङ) वह घर को जा रहा है ।

**(आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :** **5x1=5**

( की, में, के, पर, से )

45. क) उसके घर जाने _________माँ ने मुझे रोक दिया था ।
    ख) इसी बीच बड़ौदा ________दीवान ने एक पत्र लिखा ।
    ग) मितली ______शिकायत भी हो सकती है ।
    घ) अलमारी ______कपड़े रखे हैं ।
    ङ) मेज ______पंखा रखा है ।

**(इ) निम्लिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** **4x1=4**

| | |
|---|---|
| 46. क) आँखें लाल होना | (a) बहुत परिश्रम करना |
| ख) उल्लू बनाना | (b) आलिंगन करना |
| ग) खून पसीना एक करना | (c) गुस्सा करना |
| घ) गले लगाना | (d) मूर्ख बनाना |

**(ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **3x1=3**

| | |
|---|---|
| 47. क) उसने फल खाया । | ( वर्तमान काल में बदलिए ) |
| ख) पिताजी मैसूर जा रहे हैं । | ( भूत काल में बदलिए ) |
| ग) वह अपने विचार व्यक्त करता है । | (भविष्यत् काल में बदलिए) |

**(उ) अन्य लिंग रूप लिखिए :** **2x1=2**

48. स्त्री , सूबेदार

**(ऊ) अन्य वचन रूप लिखिए :** **2x1=2**

49. बात , माता

**(ए) समानार्थक शब्द लिखिए :** **2x1=2**

50. वायु , निर्बल

**(ऐ) विलोम शब्द लिखिए :** **2x1=2**

51. आशा , जन्म

VI(अ) **निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5x1=5**

52. सत्संग का अर्थ है अच्छे लोगों के साथ अर्थात सज्जनों के साथ रहना । सज्जनों के साथ रहना, उनकी बातें सुनना, उन्हें अपने जीवन में उतारना ही सत्संग कहलाता है । सत्संग के कारण हमारे जीवन

में परिवर्तन होने लगते हैं । इस संसार में सत्संग का मिलना दुर्लभ माना जाता है । जिस पर ईश्वर की कृपा होती है , उसी को सत्संग का अवसर मिल पाता है । इससे हमारे मन, बुद्धि और मस्तिष्क का विकास होता है । इससे हमारे सोच–विचार और आचरण में बदलाव आने लगता है । व्यक्ति सत्संग के बिना विवेकवान नहीं हो सकता है । तभी तो तुलसीदास ने कहा है–'बिनु सत्संग विवेक न होई |' मनुष्य को जीने के लिए जिस प्रकार हवा और पानी की आवश्यकता होती है , उसी प्रकार जीवन में सफल बनने के लिए सत्संग अति आवश्यक है । सत्संग के विषय में कवि रहीम ने कहा है–'जैसी संगति कीजिए तैसोई फल दीन।' अर्थात संगति के अनुसार मनुष्य को फल मिलता है ।

**प्रश्न :** 1. सत्संग का अर्थ क्या है ?
2. सत्संग से किसका विकास होता है ?
3. तुलसीदास ने सत्संग के बारे में क्या कहा है ?
4. मनुष्य को जीने के लिए किसकी आवश्यकता होती है ?
5. सत्संग के विषय में कवि रहीम ने क्या कहा है ?

**(आ)** 53. कोरोना महामारी से बचकर रहने की प्रेरणा देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए । **1x5=5**

**अथवा**

आर्थिक सहायता माँगते हुए अपने प्राचार्य को एक आवेदन–पत्र लिखिए ।

**(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **5x1=5**

54. क. ಪುಸ್ತಕಗಳು ನಮ್ಮ ಉತ್ತಮ ಮಿತ್ರರು.
Books are our best friends.

ख. ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ತಮ್ಮ ಗುರುಗಳಿಗೆ ವಿಧೇಯರಾಗಿರಬೇಕು.
Students should be obedient to their teachers.

ग. ಮನಸ್ಸಿದ್ದಲ್ಲಿ ಮಾರ್ಗವಿದೆ.
Where there is a will , there is a way.

घ. ಕನ್ನಡವು ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯ ಭಾಷೆಯಾಗಿದೆ.
Kannada is our state language.

ङ ಮಿತ್ರರು ನಮ್ಮ ನಿಜವಾದ ಶುಭ ಚಿಂತಕರು.
Friends are our real well wishers.

****************